IIM नागपुर को अवार्ड

नागपुर, बिजनेस कनेक्ट. दिल्ली में आयोजित बीडब्ल्यू फ्यूचर ऑफ मैनेजमेंट एजुकेशन कॉन्क्लेव-2023 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) नागपुर ने 'फ्यूचर ऑफ मैनेजमेंट एजुकेशन अवार्ड 2023' जीता. इस अवसर पर निदेशक डॉ. भीमराया मैत्री ने पुरस्कार प्राप्त किया. बीडब्ल्यू बिजनेस वर्ल्ड द्वारा स्थापित यह पुरस्कार भारत में प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी लोगों के लिए एक उपयुक्त सम्मान है. यह प्रतिष्ठित आयोजन विशेष रूप से बिजनेस स्कूलों के प्रमुखों के लिए डिजाइन किया गया था. फ्यूचर ऑफ मैनेजमेंट एजुकेशन अवार्ड विभिन्न श्रेणियों में दिए गए. आईआईएम नागपुर को औद्योगिक प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ बी स्कूल के लिए पहला पुरस्कार मिला. आईआईएम कोलकाता को बेस्ट यूज ऑफ डिजिटल टेक्नोलॉजी अवार्ड मिला. डॉ. मैत्री ने पैनल चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि हमें वर्तमान परिदृश्य को बदलने की जरूरत है. पैनल चर्चा, विचारों का आदान-प्रदान, शिक्षा के अवसर के बारे में चर्चा हुई.